**Need to revive and develop Bhilai Airport, Madhya Pradesh- Laid**

श्री विजय बघेल **(दुर्ग) :** सेल-भिलाई स्टील प्लांट-भारत सरकार का एक उपक्रम, के स्वामित्व मे उनके निजी उपयोग हेतु भिलाई के नंदिनी मे एक एयरपोर्ट है जो कि ?भिलाई एयरपोर्ट? (नंदिनी एयरपोर्ट) के नाम से जाना जाता है । इस एयरपोर्ट मे एक रनवे है, जिसकी लंबाई 1189 मीटर तथा चौड़ाई 29 मीटर है, इसमे छोटे विमानों की लैंडिंग की सुविधा है परंतु 02 फरवरी 1998 को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का VT-ELZ विमान नई-दिल्ली से भिलाई के बीच उड़ान के दौरान खराब मौसम की वजह से दुर्घटना ग्रस्त हो जाने के बाद से यह एयरपोर्ट बंद पड़ा है । भिलाई के महत्व एवं जरूरत को देखते हुये बंद पड़े ?भिलाई एयरपोर्ट? को भिलाई स्टील प्लांट से अधिग्रहण कर इसे RCS-UDAN (उड़ेगा देश का आम नागरिक) योजना के तहत 4C-VFR श्रेणी में विकसित करने की आवश्यकता है जिससे कि यहाँ से बड़े शहरों के लिए विमान संचालन हो सके ।